C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 7:14 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:14 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 17 अंक 14 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. गुरुवार, 26 जून 2025

अंधेरे जंगल में भाला लिए नजर...पेज-3 पर

## उत्तराखंड में भारी बारिश के बाद मलबा आने से 33 मार्ग बंद

### राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संबंधित जिलों को भेजा अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

बाढ़ की चेतावनी के बाद उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संबंधित जिलों को अलर्ट भेजते हुए सचेत रहने के लिए कहा है।
प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 33 मार्ग बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जोशीमठ से आगे पिनोला घाट में मलबा आने से बड़े वाहनों के लिए बंद है। इसके अलावा पीएमजीएसवाई के 24, लोक निर्माण विभाग के छह मार्ग भी बंद हैं। मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंसेज ने उत्तराखंड के आठ राज्यों में तेज बारिश के साथ ही बाढ़ की चेतावनी जारी की है। कहा गया है कि टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, देहरादून, नैनीताल, चंपावत, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बाढ़ की आशंका है। जिसके बाद उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संबंधित जिलों को चेतावनी भेजते हुए सचेत रहने के लिए कहा है।
मौसम विज्ञान विभाग की ओर से देहरादून, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर एवं नैनीताल में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भारी वर्षा के साथ ही तेज दौर की हवाएं चलने के आसार हैं। इसके अलावा उत्तराखंड के अन्य जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है।
मौसम विज्ञान विभाग ने सभी जिलों में तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जताई है। इससे पूरे प्रदेश में मौसम सुहावना रहेगा। वहीं, बुधवार को भी दून समेत प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश हुई। मौसम विज्ञानी रोहित थपलियाल ने बताया कि आने वाले दिनों में बारिश का दौर लगातार जारी रहेगा।
दून में बारिश का दौर लगातार जारी है। बारिश के कारण बुधवार को दून के अधिकतम तापमान में 6.2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। जबकि, न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 26 डिग्री रहा। देहरादून में पिछले कई दिनों से तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञानी रोहित थपलियाल ने बताया कि बुधवार को दून के विभिन्न हिस्सों में 1.3 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। दून में आगे भी बारिश का क्रम जारी रहेगा। प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से 33 मार्ग बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग जोशीमठ से आगे पिनोला घाट में मलबा आने से बड़े वाहनों के लिए बंद है। इसके अलावा पीएमजीएसवाई के 24, लोक निर्माण विभाग के छह मार्ग भी बंद हैं।



## News कॉर्नर

### लापता लोगों की ढूंढ के लिए यमुनोत्री में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री धाम पैदल मार्ग पर नौकैंची के समीप भूस्खलन में पांच लोग दब गए थे। सूचना मिलने पर पहुंची टीम ने मुंबई निवासी एक व्यक्ति को मलबे के नीचे बाहर निकालकर घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया था। लापता लोगों को ढूंढने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।
उत्तरकाशी जिले के यमुनोत्री क्षेत्र में गुरुवार सुबह से ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व टीम ने पुन: लापता लोगों की खोजबीन शुरू की। टीम द्वारा इस बार स्निफर डॉग की मदद से मलबे के बीच सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। क्षेत्र में हाल में हुए भूस्खलन के चलते कई लोग लापता हो गए थे, जिनकी तलाश जारी है। वर्तमान में जनपद मुख्यालय,गंगोत्री धाम, यमुनोत्री धाम सहित सभी क्षेत्रों में मौसम साफ है और यात्रा सुचारू रूप से जारी है। प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और यात्रियों से सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है। सोमवार को भी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर नौकैंची के समीप हुए भूस्खलन में दबी 11 वर्षीय किशोरी और युवक का तीसरे दिन भी कुछ पता नहीं लग पाया।

ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर हादसा

## टैंपो-ट्रैवलर नदी में गिरा, दो की मौत, कई लोग लापता

**नई दिल्ली**
एजेंसी

ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे के पास एक टेंपो-ट्रेवलर दुर्घटनाग्रस्त होकर नदी में समा गया। वाहन में चालक सहित 19 लोग सवार थे। दो लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि आठ घायल है और दस लापता।

रुद्रप्रयाग जनपद में आज गुरुवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बदरीनाथ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का एक टेंपो-ट्रेवलर अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में जा गिरा। वाहन में चालक सहित 19 लोग सवार थे। 17 लोग एक परिवार के थे। हादसे की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। राजस्थान के उदयपुर से एक परिवार के 17 लोग इस वाहन चारधाम यात्रा पर निकले थे। जो केदारनाथ दर्शन के बाद आज सुबह बदरीनाथ दर्शन के लिए निकले थे। हादसे की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। तीन गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया गया है।



जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अब तक नौ लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें दो की मौत हो चुकी है। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। आठ घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। घायलों में कई छोटे बच्चे भी हैं। जबकि दस लोग लापता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के वक्त तीन लोग वाहन से बाहर छिटककर गिर गए, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं वाहन के अन्य यात्री नदी की तेज धार में बह गए। घटनास्थल से एक शव बहकर शिवपुरी तक पहुंचा, जिसे रेस्क्यू कर निकाला गया।

एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने अलकनंदा नदी में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है, लेकिन तेज बहाव और दुर्गम स्थल के कारण राहत कार्य में खासी मुश्किलें आ रही हैं। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। हादसे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

## लोकतंत्र की हत्या करने वाले कर रहें संविधान बचाने का ढोंग: रावत

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

संविधान हत्या दिवस के अवसर पर आज पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद त्रिवेंद्र रावत ने आपातकाल के खिलाफ लड़ाई में डटे रहने वालों को सलाम किया।

उन्होंने कहा कि आज देश भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक को 50 साल पूरे होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिन भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया, प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म कर दिया गया और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और नागरिकों को जेल में डाल दिया गया।

रावत ने कहा कि आपातकाल के दौरान देश भर के लोगों, सभी वर्गों, विभिन्न विचारधाराओं के लोगों ने भारत के लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा करने और उन आदर्शों को बनाए रखने के उद्देश्य से एक-दूसरे के साथ मिलकर काम किया, जिनके लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया।

उन्होंने कहा कि यह उनका सामूहिक संघर्ष था जिसने यह सुनिश्चित किया कि कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करना पड़ा और नए चुनाव कराने पड़े, जिसमें वे बुरी तरह हार गए। उन्होंने कहाँ कि लोकतंत्र की लगातार हत्या करने वाली कांग्रेस आज संविधान बचाने की लड़ाई का ढोंग कर रहीं है। प्रेस वार्ता में मेयर गजराज बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट मौजूद रहे।




## पंचायत चुनाव पर हाईकोर्ट में सरकार ने रोस्टर संबंधित नए दस्तावेज पेश किए

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर राज्य सरकार ने नैनीताल हाईकोर्ट में रोस्टर आरक्षण को लेकर दस्तावेज पेश किए हैं। जिसके बाद सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायाधीश आलोक वर्मा की खंडपीठ ने मामले में सुनवाई के लिए कल ( 27 जुलाई )की तिथि नियत की है।

आज सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने कहा न्यायालय ने कहा चुनाव लोकतंत्र की आत्मा और जीवन रेखा हैं और चुनाव समय पर होने चाहिए। चुनाव करवाने में किसी प्रकार की देरी या



रोक उचित नहीं है। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता सहारिया ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से न्यायालय में रोस्टर से संबंधित कुछ नए दस्तावेज प्रस्तुत किए है। जिसके बाद याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने सरकार द्वारा कोर्ट में पेश किए गए दस्तावेज के अध्ययन करने के लिए समय मांगा। फिलहाल राज्य में पंचायत चुनाव की प्रक्रिया कोर्ट के आदेश के चलते अटकी हुई है ।

## चारधाम यात्रा मार्ग पर हर घर में होगा होमस्टे के लिए एक कमरा

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

सड़क से सटे गांवों में लोगों को होम स्टे के लिए सरकार प्रोत्साहित करेगी। आतिथ्य प्रशिक्षण के साथ बागवानी, पशुपालन शुरू करने में भी मदद मिलेगी।

चारधाम यात्रा मार्गों पर देश दुनिया से आने वाले तीर्थयात्रियों को ठहरने की बेहतर सुविधा मिले। इसके लिए सरकार यात्रा मार्गों से सटे गांवों में होमस्टे को बढ़ावा देगी। सरकार का प्रयास है कि हर घर में लोग एक कमरा होमस्टे के लिए रखें। प्रदेश सरकार की ओर से आतिथ्य प्रशिक्षण देने के साथ बागवानी, पशुपालन व्यवसाय शुरू करने में भी मदद की जाएगी। पर्यटन सुविधाओं को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार ने 2018 में दीनदयाल उपाध्याय गृह आवास (होमस्टे) योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत प्रदेश में अब तक छह हजार से अधिक होमस्टे खुल चुके हैं। जहां पर चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ पर्यटकों को सस्ते दरों पर ठहरने की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा पर्यटक उत्तराखंड की लोक संस्कृति से भी रूबरू हो रहे हैं। प्रदेश में हर साल तीर्थयात्रियों व पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पर्यटन विभाग होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए नई पहल पर काम करने जा रहा है। चारधाम यात्रा मार्गों पर ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। जहां पर पर्यटकों की भीड़ अधिक रहती है। ऐसे स्थानों के आसपास सड़क से सटे प्रत्येक गांव में होमस्टे के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि हर घर में एक कमरा होमस्टे के लिए रखा जाए। संचालकों को कौशल विकास का प्रशिक्षण, बागवानी, पशुपालन व्यवसाय से जोड़ा जाएगा। इसके लिए पर्यटन, बागवानी, पशुपालन, कौशल विकास विभाग मिलकर काम करेंगे।



प्रदेश सरकार ने पिथौरागढ़ जिले के नाभी व कुटी गांव में होमस्टे में इस पहल को शुरू किया था। जो कामयाब रहा। होमस्टे संचालन के साथ ही बागवानी, पशुपालन से प्रति परिवार को सालाना 80 लाख आमदनी हो रही है। इस तर्ज पर चारधाम यात्रा मार्गों में होमस्टे को बढ़ावा दिया जाएगा। नैनीताल जिले के कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से यातायात जाम की समस्या गंभीर होती जा रही है।

# महापौर विकास ने विद्युत व्यवस्था का लिया जायजा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



शहर में मानसून से पहले बिजली से संबंधित संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से महापौर विकास शर्मा ने उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों और नगर निगम की टीम के साथ शहर के विभिन्न हिस्सों में जर्जर विद्युत पोल, झूलते तारों और ट्रांसफार्मरों की स्थिति का मौके पर जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बुधवार को महापौर ने संयुक्त टीम के साथ बाजार क्षेत्र, गल्ला मण्डी,ट्रांजिट कैंप,शिवनगर, जगतपुरा, आवास विकास क्षेत्र सहित घनी आबादी वाले कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्रों में कई स्थानों पर उन्होंने झूलते हुए तारों और क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों को देखा। जिनकी हालत काफी खतरनाक मिली। महापौर ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द इन पोलों और तारों को बदला जाए ताकि बरसात के दौरान कोई दुर्घटना न हो। महापौर ने ऐसे स्थानों पर ट्रांसफार्मर बदलने या उनका लोड बढ़ाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक लोड भी बिजली फॉल्ट और ट्रिपिंग की मुख्य वजह बनता है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोग भी महापौर से मिले और उन्होंने अपने-अपने इलाकों की विद्युत समस्याओं को सामने रखा। किसी ने ट्रिपिंग की समस्या बताई तो किसी ने तारों के झूलने से होने वाले डर को साझा किया। लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द समाधान होगा। कहा कि उनका प्रयास है,रुद्रपुर में बिजली व्यवस्था सुरक्षित और सुचारू बनी रहे। नगर निगम और पावर कॉर्पोरेशन मिलकर मानसून से पहले सभी आवश्यक सुधार कार्य पूरे करेंगे, ताकि शहरवासियों को असुविधा न हो और कोई जान-माल का नुकसान न हो। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, विद्युत विभाग के एसडीओ पीसी शाह, पार्षद चिराग कालड़ा पार्षद राजेंद्र राठौर, पूरन लाल , मदन लाल, गोविंद शर्मा, तेज राम हीरालाल राठौर आदि मौजूद रहे।

# गोलीकांड मामले में अब तक 12 संदिग्ध हिरासत में लिए

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

टीपीनगर क्षेत्र में कार सवार युवकों पर हथियारबंद हमलावरों के हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया है। इस मामले में पांच नामजद समेत 12 अज्ञात हमलावर शामिल बताए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

अब तक 12 संदिग्ध हिरासत में लिए गए हैं। साथ ही, मुख्य आरोपी रोहित मंडोला उर्फ राजा की गिरफ्तारी के लिए दो विशेष टीमों का गठन किया गया है। पुलिस मामले के जल्द खुलासे का दावा कर रही है। रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक आनंदपुर निवासी जितेंद्र सिंह मेहरा द्वारा दर्ज कराई गई पुलिस तहरीर के अनुसार, 23 जून की शाम करीब 7:30 बजे उनका छोटा भाई हरीश सिंह मेहरा अपने साथियों नीरज भगत, भूपेंद्र सिंह बोरा और गणेश सिंह दरम्वाल के साथ कार में सवार होकर छड़ायल की ओर जा रहा था। जब वे बिरला स्कूल के पास पहुंचे, तभी पहले से घात लगाए बैठे रोहित मंडोला उर्फ राजा और उसके 10ङ्क12 साथी अचानक सामने आ गए और कार को जबरन रुकवाकर हमला कर दिया। शिकायतकर्ता के अनुसार, हमलावरों ने पहले सभी युवकों के साथ बारी-बारी से मारपीट की। जब भूपेंद्र और गणेश, हरीश को बचाने आगे आए, तब हमलावरों ने उन पर डंडों और हथियारों से हमला कर दिया। इसके बाद दूसरी गोली भी चलाई गई, जिससे भूपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में हरीश और गणेश को भी गहरी चोटें आईं। तीनों घायलों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हमले में शामिल अन्य आरोपियों में अन्नू बिष्ट, विशाल बिष्ट, अक्षय रंगवाल और उज्ज्वल परगाई के नाम भी सामने आए हैं, जो डंडों से लैस थे। हमले के पीछे रंजिश या आपसी विवाद की आशंका जताई जा रही है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि पुलिस ने पूरे घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए 12 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। मुख्य आरोपी रोहित मंडोला की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई हैं और उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। कोतवाल ने यह भी कहा कि मामले में कोई ढील नहीं बरती जाएगी और जल्द ही सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।



# नियमितीकरण को 355 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन बुधवार को 355 वें दिन भी जारी रहा । महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत बुधवार को नैनीताल से आए महासंघ के उपाध्यक्ष संतोष पन्त, चंद्रशेखर जोशी, ममता जोशी, चित्रा पन्त व श्रेया पंत ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए मानसरोवर यात्री वाटिका में पौधारोपण किया। वही कर्मचारियों ने गुरना देवी मंदिर परिसर में भी पौधारोपण किया।दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधा रोपण आंदोलन जारी रहेगा।

# नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने वाला आरोपी बिहार से गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

डेढ़ माह पहले नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने किशोरी को भी बरामद कर लिया। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक बिहार के जनपद नवादा थाना काशीचख के गांव सुभानपुर हाल सुभाष कालोनी निवासी रंजन सिन्हा पुत्र अरून सिन्हा पर भदईपुरा निवासी एक व्यक्ति ने उसकी नाबालिग लड़की को भगा कर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि विवेचना एसआई प्रियांशु जोशी कर रहे। मामला 17 मई 2025 का है। एसएसआई के मुताबिक प्रियांशु जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी की तलाश में उसके मूल निवास बिहार गई। पुलिस को किशोरी आरोपी के घर पर ही मिली। पुलिस आरोपी को हिरासत में लिया और दोनों को लेकर यहां पहुंची। एसएसआई ने बताया कि आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। किशोरी को भी मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। अब विवेचना एसआई महिला नेहा राणा को सौंपी है।



## NEWS / फटाफट

### लोकतंत्र सेनानी गहलोत को सीएम ने सम्मानित किया

**जसपुर।** मोहल्ला चौहान निवासी डॉ. लोकमल सिंह गहलोत (80) बुधवार को एसडीएम चतर सिंह चौहान के साथ सरकारी मेहमान के रूप में देहरादून पहुंचे। वहां उन्हें मुख्यमंत्री ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डॉ. गहलोत ने बताया कि एसडीएम कार्यालय की ओर से उन्हें समारोह के लिए निमंत्रण मिला था। वह 25 जून 1975 को आपातकाल के समय बरेली (उत्तर प्रदेश) के स्टेट आयुर्वेदिक कॉलेज में ट्रेनिंग पर थे। उन्होंने उसी समय अपने चार साथियों के साथ मिलकर आपातकाल के विरोध में सत्याग्रह किया था। 25 दिसंबर 1976 को पुलिस ने उन्हें उनके साथियों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। वह वहां पांच माह तक बरेली की जिला जेल में बंद रहे।

### परिवहन विभाग ने सीज वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी

**रुद्रपुर।** परिवहन विभाग ने वर्षों से सीज वाहनों को निस्तारित करने की दिशा में कदम उठा दिया है। विभाग ने सीज किए गए वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर अवशेष टैक्स, चालानी रकम जमा करने के लिए कहा है। ऐसा नहीं करने पर वाहनों को नीलाम करने की कार्यवाही की जाएगी। सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में विभिन्न परिसरों में वर्तमान में 67 सीज वाहन पड़े हैं। एआरटीओ प्रशासन मोहित कोठारी ने सीज किए वाहनों के स्वामियों को नोटिस जारी करवा दिए हैं। वाहन स्वामियों से अवशेष टैक्स, चालानी रकम जमा कर वाहन ले जाने के लिए कहा गया है। बताया कि वाहन स्वामियों ने टैक्स और अन्य देयक जमा नहीं किए तो गाड़ियों को नीलाम करने के लिए मुख्यालय से अनुमति मांगी जाएगी।

### चारधाम यात्रा में सतर्कता बरतने को कहा

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मानसून अवधि में चारधाम यात्रा में सतर्कता बरतने को कहा है । बता दें कि पर्वतीय क्षेत्र में रोज हो रही बारिश के बीच जारी चारधाम यात्रा में शामिल यात्रियों की जानमाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हाईकोर्ट के मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने बुधवार को मौखिक रूप से महाधिवक्ता व मुखय स्थायी अधिवक्ता से कहा कि चार धाम यात्रा को लेकर पूर्ण सतर्कता बरतने के लिये सरकार से कहा जाय । सरकार यात्रियों को सावधान रहने के लिये कहें और जगह जगह साइन बोर्ड लगाए जाएं ।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

# पुलिस की सक्रियता के बावजूद वाहन चोरों ने तीन बाईकें उड़ाई

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**जांच**

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

एक ओर जहां पुलिस वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा कर रही है तो वहीं दूसरी ओर ऑटो लिफ्टरों की सक्रियता कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब शहर से तीन अलग अलग जगहों से तीन बाईकें चोरी कर ली।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्रदीप पुत्र बलवीर सिंह निवासी ग्राम नगला (आर) थाना सनौली, तहसील बापौली, जिला पानीपत, हरियाणा, हाल निवासी आर्य समाज गली, ने कहा है कि उसकी बाईक संख्या एचआर 60 एल 4321 को अज्ञात चोर उसके आवास के सामने से चोरी कर ली है। इसके अलावा बलविंदर सिंह पुत्र अमरजीत सिंह निवासी वार्ड 25 तराई विहार फाजलपुर महरौला का कहना है कि उसने 14 जून को रात विशाल मेगा मार्ट की पार्किंग में अपनी बाईक संख्या यूके 06 बीई 9493 को खड़ा किया था। जब वह काम पर से वापस आया तो उसकी बाईक वहां पर नहीं थी। उसकी बाईक उसके पिता अमरजीत सिंह पुत्र अजैब सिंह के नाम दर्ज है। जबकि चंद्र प्रकाश पुत्र विजय सिह निवासी झा कालोनी पंतनगर का कहना है कि 23 जून की रात उसने बाईक संख्या यूके 06 एयू 2051 लॉक करके घर के बाहर खड़ी कर दी थी। सुबह देखा तो घर के बाहर से उसकी बाईक गायब थी। उसंने बाईक की बहुत खोजबीन की, परंतु उसका कहीं कोई पता नहीं चला। पुलिस ने बाईक चोरी की उक्त तीनों घटनाओं की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# निधन पर दो मिनट का शोक जताया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



मुहर्रम कमेटी की बैठक बुधवार को सदर नाजिम बकश की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में सबसे पहले अखाडा कमेटी उस्ताद के निधन पर दो मिनट का शोक जताया गया। बैठक में आने वाले मुहर्रम को लेकर चर्चा हुई जिसमे तय हुए की चाँद की एक तारीख 27 जून (शुक्रवार) को चाँद की एक तारीख होंगी उसी दिन कर्बला सुखाताल व इमामबाड़ा रज़ा कलब मे परचम लगाया जायेगा ओर चाँद की 7 तारीख यानि 3 जुलाई (वीरवार) को जुलूस आलम सांय 6.30 बजे से रॉयल होटल से निकला जायेगा जिसके बाद रजा कलब इमामबाड़ा मे जिक्र हुसैन की महफि़ल होंगी ओर उसके बाद लंगर (भंडारा) होगा ओर चाँद की 8 तारीख को यानी 4 जुलाई (शुक्रवार) को आम लंगर (भंडारा) किया जायेगा ओर हर वर्ष की तरह तजियो का जुलुस चाँद की 9 तारीख यानी 5 जुलाई (शनिवार) सांय 7 0बजे से निकला जायेगा जो अपने निर्धारित मार्ग से होता हुए रजा कलब में संपन्न होगा ओर चाँद की 10 तारीख यानी 6 जुलाई (रविवार) को यौमे अशुरा के दिन मे जुलुस हुसनी निकला जायेगा जो ढ़ोल तशों, अखाडा तथा फ तहे निसान के साथ रॉयल होटल से शुरू होगा जो इंद्रा मार्किट, बेकरी कंपाउंडए से रजा कलब में पहुंचेगा जहाँ से कमेटी की जानिब से बनाया जा रहा ताजिया ओर पीतल का मैन ताजिये के साथ जुलुस जुलुस हुसैनी, अंडा मार्किट, जय लाल शाह बाजार, बीच का बाजार, खड़ी बाजार, गारी पड़ाव मल्लीताल से कोतवाली से वापस शारदा शंघ, पुराना घोड़ा स्टैंड, गोलघर, बड़ा बाजार से इंद्रा मार्किट, रॉयल होटल, नैनीताल कलब से चीना बाबा से हाईकोर्ट रोड से होते हुए देर रात कर्बला मे संपन होगा जहां पर कमेटी द्वारा बनाया गया तजियो को सुपुर्द ए ख़ाक (दफनाया) किया जायेगा। दूसरी ओर इमाम बड़ा मे ताजिया बनाने के काम शुरू हो गया है। मुहर्रम कमेटी के महा सचिव समीर अली ने लोगो से जायदा से जायदा नियाज व जुलुस मे शिरकत करने की अपील की।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## दुनिया की परेशानी

***अमेरिका की दोगली नीति एक बार फिर सामने आई है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका का नाम लिये बिना सच सामने लाने के लिए दुनिया से सवाल कर दिया। उन्होंने कहा कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान की सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों रहा था? भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष महज दो पड़ोसियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई है, जो अंततः पश्चिमी देशों समेत दुनिया की परेशानी है।***

भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष दो देशों का मामला नहीं है। आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की। इस मामले में अमेरिका की दोगली नीति एक बार फिर सामने आई। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका का नाम लिये बिना सच सामने लाने के लिए दुनिया से सवाल कर दिया। उन्होंने कहा कि ओसामा बिन लादेन नाम का एक आदमी था। वह पाकिस्तान की सैन्य छावनी वाले शहर में वर्षों तक सुरक्षित क्यों रहा था? भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष महज दो पड़ोसियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई है, जो अंततः पश्चिमी देशों समेत दुनिया की परेशानी है। दरअसल 11 सितंबर, 2001 को न्यूयार्क के वल्ड ट्रेड सेंटर पर आतंकी हमले में कई हजार व्यक्ति मारे गये थे। आत्मघाती पायलटों ने विमान को ट्रेड सेंटर के बहुमंजिले भवन से टकराकर ध्वस्त कर दिया था। दुनिया में आतंकवादियों का यह सबसे बड़ा हमला है। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन अलकायदा के सरगना ओसामा बिन लादेन ने ली थी। अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को दुश्मन नंबर वन करार दिया था। लादेन को अमेरिका अफगानिस्तान में तलाश रहा था और पाकिस्तान ने अमेरिका को लादेन को ढूंढने के लिए अमेरिका का सहयोग करने का झांसा देकर भरपूर धन वसूला। पाकिस्तान ने लादेन को छिपाये रखा। अमेरिका को खुफिया तंत्र से सूचना मिली और सैन्य ऑपरेशन करके पाकिस्तान में घुसकर लादेन का परिवार समेत खात्मा कर दिया। दुनिया को पता चल गया कि पाकिस्तान आतंकियों की पनाहगाह और आतंकी तैयार करने की फैक्ट्री है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका को याद दिलाया है कि पाकिस्तान गद्दार है। पाकिस्तान ने भारत के साथ पड़ोसी का रिश्ता कभी नहीं निभाया। भारत समेत पूरी दुनिया के लिए पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादी खतरा हैं। भारत ने फिलहाल पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को ध्वस्त किया है, लेकिन पाकिस्तान की सेना पुनः आतंकवादियों को प्रशिक्षण और हथियार देने से बाज नहीं आयेगी। भारत की सैन्य कार्रवाई के जवाब में पाकिस्तान ने विमान, ड्रोन और मिसाइल से हमले किये। भारत ने पाकिस्तान के हमले को विफल करने के साथ पाकिस्तान के एयरबेस को भी क्षति पहुंचाई। पाकिस्तान की सेना को आतंकवादी तैयार करने से अमेरिका को रोकना चाहिए।

# भाजपा कार्यालय में आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर सम्मानित कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रपुर**
**हमारे संवाददाता**

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसका उदघाटन मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट ने लोकतंत्र सेनानियों के साथ संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी एवं उनके परिवारजनों को फूल मालाओं एवं अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने एमरजेंसी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे 25 जून 1975 को उस समय की इंदिरा गाँधी सरकार ने आधी रात को देश पर आपातकाल घोषित कर कुठाराघात कर लोकतंत्र की हत्या कर दी गई। यह निर्णय किसी युद्ध से कम नही था बल्कि चुनाव रद्द कर सत्ता को बचाने की आवश्यकता की भूख के मध्य नजर हताशा भरा कदम था। 1975 में आपातकाल की




घोषणा कोई राष्टीय संकट का नतीजा नहीं थी, बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की कुर्सी बचाने की रणनीति थी । पूर्व मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि आपातकाल के दौरान भीषण यातनाएं सहने वाले लोकतंत्र सेनानियों एवं उनके परिवार जनों का सम्मान करना हमारे लिए गर्व के क्षण है आने वाली पीढियां को पता होना चाहिए कि किस प्रकार इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए देश में आपातकाल थोपने का काम किया जिसका विरोध करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को जेल में बंद कर उनके साथ बरबता पूर्वक व्यवहार किया था। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमल जिंदल महापौर विकास शर्मा,अनिल चौहान, विवेक सक्सेना,मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, रश्मि रस्तोगी, एडवोकेट प्रेमलता सिंह,तरुण दत्ता, राजेश जग्गा,प्रमोद शर्मा सुशील चौहान, भुवन गुप्ता मौजूद रहे।

**ये लोग सम्मानित किए गए :** स्नेहपाल सिंह, कस्तूरी लाल तागरा, अशोक जायसवाल,नरेश रस्तोगी, यशपाल घई, मुलखराज गुलाटी, बलदेव राज खेड़ा,राजीव जलहोत्रा, अरुण अरोरा, शैली गुप्ता बंसल, विशाल खेड़ा, संदीप धीर, संजय अरोड़ा, धनानंद तिवारी, दीवान सिंह, अंजू सिंह को सम्मानित किया।

## कोर्ट ने आरक्षण संबंधी सूची पेश करने को कहा

**नैनीताल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मामले में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए सरकार से वीरवार (आज) तक सीटों के आरक्षण संबंधी सूची मुहैया कराने को कहा है। बता दें कि मुखय न्यायाधीश जी0 नरेंदर की अगुवाई वाली खंडपीठ में बुधवार को दीपक किरोला समेत पांच याचिकाओं पर भोजनावकाश के बाद सुनवाई हुई। लगभग दो घंटे सभी याचिकाओं पर सुनवाई हुई।

सरकार की ओर से महाधिवक्ता एसएन बाबुलकर और मुखय स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्र शेखर सिंह रावत ने आरक्षण मामले पर लंबी बहस की। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में आरक्षण में निर्धारित सीमा से अधिक की वृद्धि के चलते इस टर्म को जीरो घोषित कर नये सिरे से आरक्षण तय किया गया है। फिलहाल कोर्ट ने सुनवाई के लिए वीरवार (आज) की तिथि तय कर दी साथ ही सरकार को सीटों की आरक्षण संबंधी सूची पेश करने को कहा है।

# शिक्षक संघ कूटा ने प्राध्यापकों समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने बुधवार को नैनीताल दौरे पर पहुंचे सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से शिष्टाचार मुलाकात कर प्राध्यापकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा ज्ञापन देकर उनके समाधान का निवेदन किया।

कूटा के शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे कूटा के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय में वर्षों से संविदा तथा अतिथि शिक्षक सेवा से रहे हैं परंतु उनको सम्मानजनक वेतन नहीं मिल रहा है। प्रो.तिवारी ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों तथा विभिन्न राज्यों के विश्वविद्यालयों द्वारा इन शिक्षकों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुसार 57 हजार 700 रुपया प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा है साथ



ही एक जेआरएफ को भी इनसे अधिक छात्रवृत्ति मिल रही है । कहा कि सरकार को इनको सम्मानजनक वेतन 57 हजार 7000 रुपए दिए जाना चाहिए। कहा कि 10 वर्षों से अधिक कार्य करने वाले उक्त शिक्षकों को नियमित किया जाए।

प्रो.तिवारी के मुताबिक ऐसे प्रोफेसर जिनको 100 वर्ष से अधिक प्रोफेसर के पद पर हो गए है उनको यूजीसी नियमानुसार वेतन लेवल 15 भी स्वीकृत किया जाना चाहिए। कूटा के शिष्टमंडल में डॉ.विजय कुमार, डॉ. दीपक मेलकानी, डॉ.मोहित सिंह रौतेला के साथ साथ विधायक सरिता आर्य,भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की समेत मोहित लाल साह भी शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## अंधेरे जंगल में भाला लिए नजर आई रश्मिका मंदाना




*साउथ सिनेमा इंडस्ट्री में इस वक्त की सबसे चर्चित अभिनेत्री रश्मिका मंदाना एक शानदार फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका फर्स्ट लुक सामने आया है। हाल ही में रश्मिका मंदाना धनुष अभिनीत कुबेर से चर्चा में हैं। अभिनेत्री इसके अलावा कई और प्रोजक्ट्स पर काम कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने अपनी आगामी फिल्म का एक पोस्टर जारी किया है, जिसमें वो एक योद्धा के रूप में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी साझा की है। अभिनेत्री रश्मिका मंदान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की हैं। इसमें उन्होंने अपनी आगामी फिल्म का एक पोस्टर साझा किया, जिसमें उन्हें योद्धा के अवतार में देखा जा सकता है। पोस्टर में अभिनेत्री का चेहरा साफ नहीं दिख रहा है, लेकिन वो रौद्र रूप में दिख रही हैं और उनके हाथ में भाला भी है। उनके चारों तरफ तबाही का मंजर है और कुछ लोग उन पर हमला करने के लिए उनका पीछा कर रहे हैं, जिनका अभिनेत्री डटकर सामना करती दिख रही हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी आगामी फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए, फिल्म के बारे में बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने बताया की फिल्म के टाइटल की घोषणा शुक्रवार यानी कि 27 जून को सुबह 10 बजकर 8 मिनट पर होगी। इसके साथ ही अभिनेत्री ने स्टोरी के कैप्शन में लिखा कि उनकी इस फिल्म का टाइटल क्या होगा कोई बता सकता है। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें लगता है कि कोई नहीं बता सकता, लेकिन अगर कोई बता देता है तो वह उनसे जरूर मिलेंगी।*

### मंदाना का वर्कफ्रंट

*रश्मिका मंदाना के करियर फ्रंट की बात करें तो इस समय अभिनेत्री धनुष की कुबेर में नजर आ रही हैं। वहीं उनकी आगामी फिल्मों की बात करें, तो वह हिंदी फिल्म 'थामा' के अलावा एक साउथ फिल्म में भी नजर आएंगी। 'थामा' में आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं। साउथ फिल्म 'गर्लफ्रेंड' में रश्मिका, विजय देवरकोंडा के अपोजिट दिखेंगी।*

# हल्द्वानी से अल्मोड़ा आ रहा ट्रक क्वारब में खराब, एक घंटे तक यातायात ठप

**अल्मोड़ा**
**हमारे संवाददाता**

अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्टीय राजमार्ग 109 में क्वारब पर सुबह हल्द्वानी से अल्मोड़ा आ रहे ट्रक का सेल्फ खराब हो गया। इससे मार्ग एक घंटा बंद रहा और जाम लग गया।

हल्द्वानी जाने वाली केमू, रोडवेज की बस, टैक्सियों का संचालन 50 किमी फेरा लगाकर वाया रानीखेत और शहरफाटक के रास्ते हुआ। बसों में यात्रियों को 100 रुपये और टैक्सियों में 200 रुपये अतिरिक्त किराया पड़ा। इससे उन्हें आर्थिक चपत लगी। आपदा कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को एक ट्रक हल्द्वानी से अल्मोड़ा की ओर आ रहा था। सुबह करीब सात बजे क्वारब पर बीच रास्ते में ट्रक का सेल्फ खराब हो गया। इससे नदी के इस पार और उस पार राष्टीय राजमार्ग पर लंबा जाम लग गया।

काफी मशक्कत के बाद खराब ट्रक किसी तरह हटाया गया तब जाकर आठ बजे मार्ग यातायात के लिए खुल पाया। एनएच बंद होने से अल्मोड़ा से केमू, रोडवेज की बसें, टैक्सियां वाया रानीखेत और शहरफाटक के रास्ते हल्द्वानी पहुंची। 50 किमी फेरा लगाने से हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों को बसों में 210 की जगह 310 रुपये और टैक्सियों में 400 रुपये की जगह 600 रुपये किराया चुकाना पड़ा। 100 से 200 रुपये अतिरिक्त किराया चुकाने पर यात्रियों की जेब ढीली हुई।

वाहनों के घूमकर जाने से यात्री निर्धारित समय पर गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए। कई यात्रियों की ट्रेन छूट गई और उन्हें हल्द्वानी में होटल में कमरा लेकर ठहरना पड़ा। एनएच पर दिन भर रुक-रुक कर वाहनों का संचालन हुआ।

## News कॉर्नर

### कुमाऊं महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**अल्मोड़ा।** जीआईसी मैदान में चल रहा कुमाऊं महोत्सव में सांस्कृतिक और रंगारंग कार्यक्रमों की धूम मची रही। प्रसिद्ध लोक गायक माया उपाध्याय के गानों पर कलाकार जमकर थिरके। कार्यक्रम का शुभारंभ होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण वर्मा, विजय नेगी, जगदीश वर्मा, मुराद खान, राजेंद्र तिवारी, अमरनाथ सिंह नेगी, डॉ. संतोष बिष्ट ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान महोत्सव समिति ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इस दौरान गायक माया उपाध्याय ने नेल पॉलिश, छोरी लछीमा, माया लागी, आंखों में सुरमा सहित कई अन्य गाने प्रस्तुत कर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान रूद्रवंशी बिष्ट ने आर्टिस्टिक योग प्रस्तुति, शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। महोत्सव समिति ने वरिष्ठ साहित्यकार नवीन बिष्ट को सम्मानित किया।

### चैंपियन बना गदरपुर क्रिकेट क्लब

**गदरपुर।** गदरपुर प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज कर गदरपुर क्रिकेट क्लब चैंपियन बना। जीआईसी परिसर में आयोजित फाइनल मुकाबला गदरपुर क्रिकेट क्लब और एसके वॉरियर्स के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर, विशिष्ट अतिथि रहे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा और दिनेशपुर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष काबल सिंह विर्क ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टॉस जीतने के बाद गदरपुर क्रिकेट क्लब की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 177 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने के लिए उतरी एसके वॉरियर्स की टीम 19.5 ओवर में 164 बनाकर ऑल आउट हो गई। गदरपुर क्रिकेट क्लब ने 13 रन से मैच जीत लिया। रामसेवक को 25 गेंदों में शानदार 66 रन बनाने पर प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 51 हजार रुपये और उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# ताइक्कांडो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल में आयोजित अखिल भारतीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ खिलाड़ी मुखर्जी निर्वाण और बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य व चेयरमैन आईपीएससी अनिल कुमार शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

फ इनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन किया। दर्शकों ने खिलाड़ियों की ऊर्जा और उत्साह को देखा और उनकी हौसला



अफजाई की। पुरस्कार वितरण समारोह में मुखय अतिथि ने विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए। उन्होंने कहा कि आज के विजेता कल के चैंपियन हैं। मैं सभी खिलाड़ियों को उनकी उपलबधियोंके लिए बधाई देता हूं।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि बिड़ला विद्या मंदिर में इस प्रतियोगिता का आयोजन करना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि फाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ी विजेता है और मैं सभी खिलाड़ियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देता हूँ।

प्रतियोगिता के आयोजन को सफल बनाने में बिड़ला विद्या मंदिर खेल विभाग की टीम और सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य राकेश मुलासी, वित्त नियंत्रक संजय गुप्ता समेत पृथ्वीराज सिंह किरौला, लीला सिंह बिष्ट, केदार सिंह गढ़ियाए आलोक कुमार अस्थानाए तुषार मिश्रा आदि उपस्थित थे। संचालन जतिन ग्रोवर ने किया।

### यह टीमें रही प्रतियोगिता में विजेता

प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गई जिसमें अंडर 14 में विजेता विजेता बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल तथा उप विजेता असम वेली स्कूल रहा जबकि अंडर 17 में विजेता बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल तथा उप विजेता एमरल्ड हाईट्स इंटरनेशनल स्कूल इंदौर वहीं अंडर 19 में विजेता बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल तथा उप विजेता राजकुमार कॉलेज राजकोट रहा। इस प्रकार 25 स्वर्ण,5 रजत तथा एक कांस्य पदक के साथ ओवरऑल चैंपियन का खिताब बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल को दिया गया।

# पहाड़गंज में निर्माणाधीन अवैध भवन पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

बीते दिनों शहर के पहाड़गंज में निर्माणाधीन मकान को जिला विकास प्राधिकरण की टीम ने सील करने के कार्रवाई की थी। बुधवार को जिला विकास प्राधिकरण ने नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और निर्माणाधीन भवन को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की। निर्माणधीन भवन के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रहा। प्रशासन को कार्रवाई के दौरान विरोध का सामना करना पड़ा। बीते दिनों विधायक शिव अरोरा ने भी कहा था उसमें अवैध मस्जिद का निर्माण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम एक्टिव हुई और तत्काल कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन भवन को सील किया था। अब सील किये गए मकान को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। जिस गली मे निर्माण कार्य हो रहा था, वह काफी पतली होने के चलते नगर निगम और प्राधिकरण की टीम ने हथौड़े और हैमर मशीन से निर्माण को ध्वस्त किया। वही निर्माण कार्य ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ा। रुद्रपुर के एसडीएम मनीष बिष्ट ने बताया कि निर्माण कार्य को तोड़ने की कार्रवाई की है, इससे पहले इसे सील किया गया था।



### अवैध निर्माण पर प्रशासन की कार्रवाई जारी रहेगी

रुद्रपुर। ऊधमसिंहनगर जिले के एडीएम एवं जिला प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। पहाड़गंज में निर्माणाधीन मकान को ध्वस्त किया गया है, पहले इस मकान को सील करने की कार्रवाई की गई थी। इसके साथ उन्होंने बताया कि पहाड़गंज में 300 से अधिक अन्य मकान चिन्हित किए गए हैं जिनको नोटिस दिया गया है जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद में पुलिस का नशा मुक्ति को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद में पुलिस का नशा मुक्ति को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी से अवगत कराया गया। बुधवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में जनपद के सभी थाना क्षेत्र में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देकर नशे से दूर रहने का आहवान किया। थाना प्रभारियों ने नशे से घातक परिणामों की भी जानकारी दी। खटीमा की चकरपुर चौकी प्रभारी विकास कुमार ने भी क्षेत्र में जागरूकता गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान चौकी प्रभारी ने युवाओं को नशे की लत से होने वाले सामाजिक, मानसिक, शारीरिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही नशा मुक्ति को जीवनशैली में शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।



# प्रदेश की सरकार खनन माफिया, भू माफिया को संरक्षण दें रही : हरीश रावत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गुरुवार को नैनीताल रिट्रिट होटल में पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार खनन माफिया,भू माफिया को संरक्षण दें रही है। पंचायती चुनाव को लेकर हरीश रावत ने कहा की कोर्ट के सामने जितने बिंदु आए है। सरकार ने जानबूझ यह गलतियां की है, सरकार का पहले यही पंचायत चुनाव कराने का इरादा नही था चुनाव टालने का था। इस तरीके सें सारी प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है जिस कारण मामला कोर्ट पंहुचा। कहा की सबसे बढ़ी खामी यह की सरकार का रूल बनाना उनको फेलो नही करना। पंचायत राज्य एक्ट 2016 के अधीन रोस्टर बना हुआ। उसका परिणाम क्या होगा जिससे पूरी पंचायती चुनाव की धज्जिया उड़ा दी। इससे साफ जाहिर होता है की सरकार पंचायत चुनाव कराना नही चाहती। जिसका परिणाम क्या होगा वह क्षेत्र लम्बे समय आरक्षण सें अवलम्ब हो जाएगा। जो विलम्ब हो रही है इसके पीछे सरकार का स्वार्थ है। रावत ने आरोप लगाया की सरकार अपने ही मनपसंदी लोगों को खड़ा करके चुनाव जिताना चाहती है। राज्य के अंदर जिस तरह लूट की जा रही है महिलाओं पर अत्यचार के मामले में बलत्कार के मामले में सत्ता के लोगों के नाम आ रहें है जिस तरह सें उनको छुपाने के काम किया जा रहा है। जिस प्रकार सें बेरोजगारी है, सड़को पर बढ़े बढ़े डंपरो से लोगों को रौदने के मामले आ रहें है, जाम की परिस्थितियां हो रही है सरकार सब छुपा रही है लूट रही है फूट का सहारा ले रही है ताकी लोग ऐसे मामले की ओर ना देखे। सरकार झूठ,लूट, फूट कर रही है जिसके खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ता घर घर जाएंगे ओर फेल सरकार की नीतियाँ बताकर जनमत को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिपपाल, पालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल, नगर अध्यक्ष अनुपम कबड़वाल, हाई कोर्ट के पूर्व अध्यक्ष अवतार सिंह, त्रिभुवन फर्तियाल, मुकेश जोशी मंटू, संजय कुमार संजू मौजूद रहे।



### राजकीय वाहन चालक पपोला का निधन

**नैनीताल ।** नगर के एटीआई में कार्यरत राजकीय वाहन चालक हरीश सिंह पपोला का निधन हो गया है वह लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बता दें कि बुधवार की सुबह उनका दिल्ली में निधन हो गया है। उनके निधन पर जिलाध्यक्ष राजकीय वाहन चालक महासंघ गोपाल सिंह अधिकारी सहित जिले जनपद के समस्त वाहन चालकों द्वारा गहरा शोक व्याप्त किया गया है साथ ही भगवान से वंदना की है कि मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें।

# खड़े ट्रक में घुसी कार, रोडवेज के पूर्व कर्मी की मौत

**अल्मोड़ा**

**हमारे संवाददाता**

रानीखेत-जालली मोटर मार्ग पर शक्ति चौक चिलियानौला के पास तेज रफ्तार ऑल्टो कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार चालक को गंभीर चोटें आई हैं। हायर सेंटर एसटीएच हल्द्वानी ले जाया जा रहा था लेकिन उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया।

रानीखेत-जालली मोटर मार्ग पर शक्ति चौक चिलियानौला के पास तेज रफ्तार ऑल्टो कार बुधवार सुबह सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में कार चालक कुंदन सिंह खम्पा (67) को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें उप जिला चिकित्सालय रानीखेत लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी ले जाया जा रहा था लेकिन उन्होंने रास्ते में दम तोड़ दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार ऑल्टो कार (यूके 01ए 8175) हैड़ाखान मंदिर की ओर से आ रही थी। शक्ति चौक के पास ट्रक (यूके 05 सीए 0814) सड़क किनारे निर्माण सामग्री उतार रहा था। तेज रफ्तार से आ रही कार अनियंत्रित होकर सीधे ट्रक के पीछे जा घुसी। कार रानीखेत रोडवेज के पूर्व कर्मचारी चिलियानौला निवासी कुंदन सिंह खम्पा की थी और वही इसे चला रहे थे। वाहन में अन्य कोई नहीं था। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर लोग जुट गए। डॉक्टरों के अनुसार कार चालक के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया था। एंबुलेंस उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) हल्द्वानी तक ले गई। वहां चिकित्सकों ने बताया कि उनकी रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान शुरु

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

भाजपा काठगोदाम मंडल द्वारा आज नगर निगम इंटर कॉलेज में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा पौधरोपण किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहाँ कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। एक पेड़ माँ के नाम एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और





प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट,प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, दर्जा राज्यमंत्री रेनू अधिकारी मंडल अध्यक्ष नीरज बिष्ट, मंडल महामंत्री अरुण कुमार, मनोज रावत, सचिन साह, मनोज साह, भावना साह कुमद, प्रमोद बोरा आदि मौजूद रहें।